**मॉडल पेपर 2021-22**

**चित्रकला (प्राविधिक)**

**कक्षा-12**

समयः तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णांक 100

निर्देशः-(i) अपना अनुक्रमांक मुख पृष्ठ एवं उसमें रखे प्रत्येक ड्राइंग शीट पर स्पष्ट रूप से अंको तथा शब्दों में ऊपरी दाहिने कोने पर लिखिये तथा कक्ष निरीक्षक से स्पष्ट हस्ताक्षर भी करवाइये। प्रत्येक ड्राइंग शीट पर केन्द्र व्यवस्थापक का मोहर युक्त शील लगवाइये।

(ii) सम्पूर्ण प्रश्न पत्र छः खण्डों में विभाजित है सभी खण्ड अनिवार्य है।

(iii) रफ कार्य साधारण श्वेत पत्र पर कीजिये और उस पर अपना अनुक्रमांक लिखकर उसे भी ड्राइंग शीट के साथ संलग्न कर दीजिये।

(iv) मूल्यांकन में सुन्दर संयोजन स्वच्छता तथा सुन्दर कार्य के लिये विशेष अंक दिया जायेगा।

(v) दी हुई रेखायें, रचनात्मक रेखायें तथा अभीष्ट रेखायें स्पष्ट हो।

**खण्ड-अ**

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

10 अंक

1-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार विकल्प में दिये गये है। उनमें से सही विकल्प छाँटिये और ड्राइंग कागज पर उसे क्रमवार पेन से लिखियेः

(i)पिरामिड का तिर्यक फलक (slant face) किस आकार का होता है?

(अ) आयताकार (ब) वर्गाकार (स) त्रिकोणीय (द) षट्कोणीय।

उत्तर-(स) त्रिकोणीय

(ii)निम्नलिखित में से किस ठोस में त्रिभुजाकार फलक होते है?

(अ)घन (ब)पिरामिड (स)त्रिकोणीय (द)प्रिज्म।

उत्तर- (ब) पिरामिड

(iii)एक आयताकार कमरे में कितने ऊर्ध्वाधर फलक होते है?

(अ) चार (ब) दो (स) छः (द) आठ

उत्तर- (अ) चार

(iv)निम्नलिखित में से किस ठोस में आयताकार फलक होते है?

(अ)घन (ब) शंकु (स) समपार्श्व (द)सूची स्तम्भ।

उत्तर-(स)समपार्श्व

Downloaded from cclchapter.com

(v)घन का प्रत्येक फलक किस आकार का होता है?

(अ) आयताकार (ब)गोलाकार (स)वर्गाकार (द) त्रिभुजाकार

(vi) एक समबाहु पंचभुज में कितने विकर्ण हैं?

(अ)एक (ब) तीन (स) चार (द) पाँच

उत्तर-(द) पाँच

(vii)वह कौन-सा तंत्र है जिस पर अनुविक्षेप बनाया जाता है?

(अ)क्षैतिज समतल (ब) उर्ध्वाधर समतल (स)धरती तल (द) पार्श्व समतल

उत्तर- (अ) क्षैतिज समतल

(viii)एक साधारण ईंट का सम्मुख दृश्य क्या होगा?

(अ)आयत (ब) वर्ग (स)समलम्ब (द) समपंचभुज

उत्तर- (अ) आयत

(ix) एक घन में कितने फलक होते है?

(अ)पाँच (ब)चार (स)आठ (द) छः

उत्तर- (द) छः

(x) क्षैतिज तल का सर्वोत्तम उदाहरण क्या है?

(अ)आसमान (ब) तरल का सतह (स)खड़ी दीवार (द)जमीन

उत्तर- (ब) तरल का सतह

## खण्ड-ब — 12 अंक

2- (क) 3.5 सेमी की ऊँचाई में छापे के बड़े अक्षरों में प्रकाश व छायायुक्त हिन्दी अथवा अंग्रेजी में 'साधारण' अथवा 'SIMPLE' शब्द लिखें। अक्षरों का कोण आधार में $90^0$ पर हो। **6 अंक**

(ख) 15 मिमी की ऊँचाई में हिन्दी अथवा अंग्रेजी की तिरछी छपाई वाले अक्षरों में निम्नलिखित वाक्य लिखियेः **6 अंक**

"एकता में ही शक्ति है"

अथवा

"UNITY IS THE STRENGTH"

अथवा

कानपुर और लखनऊ के बीच की दूरी 00 किलोमीटर है नक्शे पर यह दूरी 5 सेमी से प्रदर्शित है। एक विकर्ण मापनी की रचना कीजिये, जिसके द्वारा किलोमीटर पढ़े जा सके। मापनी का

Downloaded from cclchapter.com

निरूपक भिन्न (R.F) निकाल कर उस पर 132 किमी की दूरी अंकित कीजिये।    2**+3+1**

**खण्ड- स**

3- एक 8 सेमी व्यास के वृत्त की रचना कीजिये। इस वृत्त को अर्धवृत्तों द्वारा क्षेत्रफल में चार बराबर भागों में विभाजित कीजिये।    **16 अंक**

अथवा

एक घन का अनुविक्षेप तथा उत्सेध की रचना कीजिये। यह अपने एक कोर पर टिका है, जो उर्ध्वाधर समतल से $30^0$ का कोण बनाता है। अक्ष ऊर्ध्वाधर समतल के समान्तर है। घन की भुजा 35 मिमी है।    **16 अंक**

**खण्ड- द**

4-एक वर्गाकार सूची-स्तम्भ अपने वर्गाकार आधार पर खड़ा है। आधार उर्ध्वाधर समतल के समानान्तर है इसका अनुविक्षेप एवं उत्सेध खींचिए। वर्गाकार आधार की भुजा 2.5 सेमी तथा अक्ष की ऊँचाई 3.7 सेमी है।    **16 अंक**

अथवा

एक समबाहु त्रिभुजाकार समपार्श्व का उत्सेध और अनुविक्षेप खींचिये जबकि उसका अक्ष क्षैतिज समतल के साथ $40^0$ और उर्ध्वाधर समतल के साथ $50^0$ का कोण बनाता है। त्रिभुजाकार आधार के एक कोर की लम्बाई 2.5 सेमी तथा समपार्श्व का अक्ष 6 सेमी है।    **16 अंक**

**खण्ड-ई**

5-एक वर्गाकार समपार्श्व का सममिति चित्र बनाइये जिसका आधार क्षैतिज समतल पर खड़ा है। इसके आधार की भुजा 3 सेमी तथा अक्ष 5.5 सेमी है।    **16 अंक**

अथवा

अंग्रेजी के अक्षर “T” का सममिति चित्र बनाइये। अक्षर की चौड़ाई 4 सेमी तथा ऊंचाई 7 सेमी है। अक्षर “T” लकड़ी का बना है एवं काट 1 वर्ग सेमी है।    **16 अंक**

**खण्ड- फ**

Downloaded from cclchapter.com

(इनमें से किसी एक का चित्र बनाना है।)

स्मृति चित्रण

(Memory Draawing)

6-दिये गये ड्राइंग शीट पर अपनी स्मृति से निम्नालिखित में से किसी एक का छाया, प्रकाश तथा प्रतिच्छाया युक्त चित्र पेन्सिल अथवा चारकोल से बनाइये। चित्र की माप लगभग 15 सेमी हो।

(i) प्लेट में रखे हुये दो केले। (ii) पपीता (iii) पुस्तक (iv) मोर या तोता **30 अंक**

अथवा

प्रकृति -चित्रण (Nature study)

दिये गये ड्राइंग शीट पर अपने सामने रखे हुये पुष्पपौधे में से कम से कम एक पुष्प, एक कली, तीन-चार पत्तियाँ एवं पौधे की टहनी का प्राकृतिक चित्रण इस प्रकार करें कि उसमें टहनियों के निकास कोण रंग एवं रेशे उचित ढंग से चित्रित हुये दिखाई दें। चित्र को जल रंगों द्वारा पूर्ण कीजिये। चित्र का आकार 20 सेमी से कम न हो। पुष्प की ताजगी एवं रंग और पत्तियों के एवं कलियों के रंग प्राकृतिक रूप से दिखाने का प्रयास कीजिये।

निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दीजियेः

(क)पौधे का उचित आकार एवं प्राकृतिक रूप विन्यास। **-10**

(ख)पारदर्शी एवं आकर्षक रंग योजना। **-15**

(ग)प्राकृतिक सौष्ठक एवं निकास कोण। **-5**

अथवा

दृश्य-चित्रण (Landscape painting)

दिये गये ड्राइंग शीट पर 20 सेमी x15 के आयत में निम्नलिखित में से किसी एक का दृश्य चित्रण तैयार कीजिये। चित्रांकन का माध्यम जलरंग, पोस्टर रंग या अन्य कोई माध्यम हो सकता है। दृश्य चित्र का संयोजन सुन्दर व आकर्षक होना चाहियेः

(i)सूर्यास्त का पहाड़ी दृश्य (ii)ग्रामीण दृश्य (iii)कुछ जंगलों के समूह का दृश्य

(क)सही दृश्यांकन एवं परिप्रेक्ष्य। **-10**

(ख) उपयुक्त संयोजन। **-5**

(ग)सुसंगत रंगों का उपयुक्त चयन। **-10**

(घ)वातावरण का सही दृश्यांकन। **-5**

Downloaded from cclchapter.com